वीडियो कांफ्रेंसिंग/महत्वपूर्ण

संख्या–904/33–3–2021–43/2010टी0सी0

प्रेषक,

मनोज कुमार सिंह,
अपर मुख्य सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1– समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।

2– समस्त जिला पंचायत राज अधिकारी, उ0प्र0।

पंचायती राज अनुभाग–3 लखनऊः दिनांकः 25 मई, 2021

विषयः– दिनांक 28.5.2021 का मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानों से संवाद के सम्बन्ध में।

महोदय,

शासन के पत्र संख्या–32/2021/865/33–3–2021–43/2010 टी0सी0, दिनांक 22.5.2021 द्वारा ग्राम पंचायतों के सामान्य निर्वाचन 2021 के उपरान्त ग्राम पंचायतों के संघटन एवं संघटित ग्राम पंचायतों के प्रधानों एवं सदस्यों के शपथ दिलाये जाने के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश निर्गत किये गये हैं।

2– नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानों, जिनकी संख्या–58176 है, से मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा दिनांक 28.5.2021 को समय 03.30 बजे जूम वेबिनार द्वारा संवाद किया जायेगा, जिसका लिंक, आई.डी. एवं पासकोड निम्नवत हैः–

https://us02web.zoom.us/j/89793383569?pwd=MktQZ3I4ZzAzcUZRNGhWcWpqY0Ixdz09
Webinar ID: 897 9338 3569
Passcode: 808000

यह सुनिश्चित किया जाय कि सभी नवनिर्वाचित 58,176 ग्राम प्रधान इसमें सम्मिलित हों। संवाद के दौरान मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा कतिपय चयनित ग्राम प्रधानों से वार्ता भी की जायेगी, इन ग्राम प्रधानों की सूचना पृथक से भेजी जायेगी। इन ग्राम प्रधानों को जिला स्तरीय एन0आई0सी0 सेन्टर में वी.सी. के लिए आमंत्रित किया जायेगा। शेष ग्राम प्रधान अपनी ग्राम पंचायत से ही वी.सी. से जुड़ेगें। प्रत्येक ग्राम प्रधान के साथ पंचायतीराज विभाग का एक अधिकारी/कर्मी वी.सी. से जुड़ने की व्यवस्था के साथ मौजूद रहें और प्रधानगण नियत समय से 05 मिनट पूर्व वी.सी. से जुडें, यह सभी जिला पंचायत राज अधिकारीगण द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा। उप निदेशकगण तथा जिला पंचायत राज अधिकारीगण अपने जनपद के एन0आई0सी0 सेन्टर पर मौजूद रहकर इस कार्यक्रम में भाग लेंगें।

भवदीय,

25.5.21

(मनोज कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव।

Amit Sri.

<u>संख्या व दिनांकः– तदैव।</u>

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव, मा0 पंचायतीराज मंत्री जी को इस अनुरोध के साथ कि वे 05 कालिदास मार्ग पर इस कार्यक्रम में भाग लेने का कष्ट करें।

2. निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, पंचायतीराज विभाग, उ0प्र0 शासन को इस अनुरोध के साथ कि वे 05 कालिदास मार्ग पर इस कार्यक्रम में भाग लेने का कष्ट करें।

3. निदेशक, पंचायती राज उ0प्र0।

4. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उ0प्र0।

5. समस्त मण्डलीय उपनिदेशक(पं0) उ0प्र0।

6. श्री दीवान सिंह, प्रभारी, एन0आई0सी0 को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त कार्यक्रम हेतु 05 कालिदास मार्ग पर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

(मनोज कुमार सिंह)

अपर मुख्य सचिव।

Amit Sri.